# वादा कर ले सांवरे

वादा कर ले सांवरे,
छोड़ोगे ना हाथ,
ये साँस चलेगी जब तक,
ये साँस चलेगी जब तक,
तू रहेगा मेरे साथ,
वादा कर ले साँवरे,
छोड़ोगे ना हाथ....

इसी जनम की जानू बाबा,
आगे का किसने देखा,
तेरी किरपा रहे जो मुझ पर,
बदले जन्मों की रेखा,
ये जीवन सुधर गया तो,
ये जीवन सुधर गया तो,
करूँ अगले जनम की बात,
वादा कर ले साँवरे,
छोड़ोगे ना हाथ....

तेरा साथ रहे तो बाबा,
भव से मैं तर जाऊंगा,
जनम मरण के इन फंदो से,
मुक्ति मैं पा जाऊंगा,
बस एक दफा तू धर दे,
बस एक दफा तू धर दे,
तेरी किरपा का हाथ,
वादा कर ले साँवरे,
छोड़ोगे ना हाथ....

अंत समय सांसो के सुर में,
कान्हा गीत तुम्हारे हो,
'हर्ष' मेरी आंखों के आगे,
तुम ही मीत हमारे हो,
ये जीवन सफल बना दे,
ये जीवन सफल बना दे,
बस इतनी है फरियाद,
वादा कर ले साँवरे,
छोड़ोगे ना हाथ.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26690/title/vaada-kar-le-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |